**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 23.09.2026** **समय : 1905**

- **राष्ट्रपति ने 'विश्व नव–निर्माण के लिए आध्यात्मिक जागृति' परियोजना और 'विकसित भारत के लिए युवा' अभियान का शुभारंभ किया।**
- **द्वीपों के सांसद विष्णु पद रे ने दिल्ली में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात कर कई विकासीय मुद्दों पर चर्चा की।**
- **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पारिवारिक गिफ्ट डीड पर स्टाम्प ड्यूटी में बड़ी राहत; कृषि और आवासीय परिसरों के हस्तांतरण पर अब मात्र दो सौ रुपये का स्टाम्प शुल्क लगेगा।**
- **आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने आठ वर्ष पूरे किए, द्वीप समूह में इस योजना के तहत नब्बे हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए।**

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज गुजरात के वडोदरा में ब्रह्माकुमारियों के 'ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस रिट्रीट सेंटर' का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने 'विश्व नवनिर्माण के लिए आध्यात्मिक जागृति' परियोजना की शुरुआत की। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से ''विकसित भारत के लिए युवा राष्ट्र निर्माण के लिए आंतरिक शक्ति की जागृति'' अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमें ऐसी युवा शक्ति की आवश्यकता है जो ईमानदारी, जिम्मेदारी, करुणा, सह–अस्तित्व और देशभक्ति की भावना से प्रेरित हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने विश्व को योग, ध्यान, अहिंसा, करुणा और 'वसुधैव कुटुंबकम' जैसे आदर्श दिए हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति ने वडोदरा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के पच्हत्तरवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और डिग्रियां प्रदान कीं।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के सांसद विष्णु पद रे ने कल दिल्ली में द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात की। इस बैठक में डोमिसाइल कानून लागू करने, केंद्रीय विश्वविद्यालय, अनिम्स को एम्स के अधीन करने, एन एच–4 की खराब स्थिति, जल संकट और हवाई किराए पर नियंत्रण जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। उपराज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संबंधित केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर द्वीप के विकास और कार्य योजना पर चर्चा की है। सांसद ने उपराज्यपाल के इन प्रयासों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई, कि इससे अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के विकास को नई गति मिलेगी।

<><><><><><><>

बिल्लीग्राउंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आज 11वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हरिनगर के प्रधान मनोजित हलदर मुख्य आतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संतुलित दिनचर्या पर चर्चा, नाटक मंचन और ध्यान सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान स्वस्थ रेसिपी, औषधीय पौधों की पहचान और निबंध प्रतियोगिताओं के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में हर्बल गार्डन का उद्घाटन और पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के निवासियों को बड़ी राहत देते हुए पारिवारिक संपत्ति के उपहार विलेख यानी गिफ्ट डीड पर स्टाम्प शुल्क में भारी संशोधन किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने आज श्री विजयपुरम में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार के नए निर्णय के तहत, रक्त संबंधियों के बीच कृषि भूमि, आवासीय भूखंड, निर्मित मकान या फार्म हाउस के गिफ्ट डीड पर सर्किल रेट के स्थान पर अब मात्र दो सौ रुपये का स्टाम्प शुल्क देय होगा। इसके अलावा, होटल, अस्पताल या कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स जैसी व्यावसायिक संपत्तियों के पारिवारिक हस्तांतरण पर स्टाम्प ड्यूटी को घटाकर मात्र डेढ़ प्रतिशत कर दिया गया है। श्री तिवारी ने बताया कि वर्ष 2018 में नया सर्किल रेट लागू होने के बाद गिफ्ट डीड पर महिलाओं के नाम पाँच प्रतिशत और पुरुषों के नाम सात प्रतिशत स्टाम्प शुल्क लिया जा रहा था, जिससे किसानों, सेटलर्स और आम द्वीपवासियों को संपत्ति हस्तांतरण में भारी वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के द्वीपसमूह दौरे के दौरान यह विषय प्रमुखता से उनके समक्ष रखा गया था, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन की पहल पर केंद्र सरकार ने यह जनहितैषी निर्णय लिया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने इस ऐतिहासिक राहत के लिए केंद्र सरकार और स्थानीय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में द्वीपवासियों को भूमि पर पूर्ण मालिकाना हक दिलाने के प्रयास भी जारी रहेंगे।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के आज स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के आठ वर्ष पूरे हो चुके हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी इस योजना के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। द्वीप समूह में अब तक इक्यानबे हजार चार सौ तेइस आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिनमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाए गए चार हजार आठ सौ अड़तालीस आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इस योजना के माध्यम से तीन हजार एक सौ चौसठ मरीजों को विशेष उपचार के लिए रेफर किया गया है, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकी हैं।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में चिन्मय मिशन द्वारा 26 सितंबर से एक सप्ताह तक चलने वाली श्रीमद भागवत सप्ताह कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह कलश यात्रा 26 सितंबर को दोपहर 4 बजे गांधी पार्क से शुरू होकर चिन्मय मिशन ऑडिटोरियम तक जाएगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने दक्षिण अंडमान के किसानों के लिए समेकित कृषि प्रणाली में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत गाराचरमा फार्म में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बीजामृत, जीवामृत, घनाजीवामृत और नीमास्त्र जैसी प्राकृतिक खाद और कीटनाशकों के निर्माण तथा उपयोग की व्यावहारिक जानकारी देना था। संस्थान के निदेशक डॉक्टर जय सुंदर की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों ने द्वीपसमूह की परिस्थितियों के अनुकूल खेती, कृषि कचरे के प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतरीन इस्तेमाल पर जोर दिया। इस कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के इनपुट तैयार करने का भी प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे बाहरी खादों पर अपनी निर्भरता कम कर सकें और पर्यावरण के अनुकूल खेती को अपना सकें।

<><><><><><><>